दिनांक- 17.9.2021

प्रेस विज्ञप्ति

रेलटेल के आकांक्षा सुपर 30, देहरादून के 30 में से 28 छात्रों ने जे.ई.ई. मेन्स 2021 में क्वालीफाई किया

रेलटेल के लिए यह गर्व का क्षण था जब इसकी सीएसआर पहल के अंतर्गत संचालित आकांक्षा सुपर 30, देहरादून के 30 में से 28 छात्रों ने जे.ई.ई. मेन्स 2021 की प्रवेश परीक्षा पास की और जो उन्हें आईआईटी, एनआईटी जैसे प्रीमियर लीग इंजीनियरिंग कॉलेजों और भारत के अन्य सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त करने के एक कदम और करीब लाया।

रेलटेल ने सेंटर फॉर सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड लीडरशिप, नई दिल्ली के सहयोग से 2015 में देहरादून में सुपर 30 इकाई की स्थापना की थी। यह कोचिंग सेंटर उत्तराखंड के 30 वंचित लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों को आईआईटी, एनआईटी और राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों जैसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज की प्रवेश परीक्षाओं के लिए 11 महीने के लिए मुफ्त प्रशिक्षण उपलब्ध कराता है। इन 30 छात्रों को उनके ज्ञान, मानसिक क्षमता और करियर के प्रति आकांक्षा के परीक्षण के उपरांत साक्षात्कार के आधार पर चुना गया था। कोविड-19 महामारी के कारण, इस वर्ष वर्चुअल क्लासरूम और प्रैक्टिस टेस्ट ऑनलाइन आयोजित किए गए और कोचिंग जारी रखी गई थी।

इस जबरदस्त परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री पुनीत चावला, सीएमडी / रेलटेल ने कहा, "केंद्र का प्रदर्शन अद्भुत रहा है क्योंकि पिछले 5 वर्षों में 65 छात्रों ने आईआईटी/ एनआईटी और 75 छात्रों ने राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों में स्थान प्राप्त किया। यह छात्रों की कड़ी मेहनत है जो उन्हें एक सफल करियर की ओर बढ़ने में मदद कर रही है। हम इन प्रतिभाशाली बच्चों को इंजीनियर बनने की उनकी यात्रा में परामर्श देने में भूमिका निभाकर खुश हैं।"

रेलटेल के बारे में

रेलटेल एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों और शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅ वर करने वाला अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 60000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में काम कर रही है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराती है। रेलटेल देशभर में रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भारतीय रेलवे के साथ भी कार्य कर रही है और कुल 6050 से अधिक स्टेशन रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें-

sucharita@railtelindia.com